# केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियां खेती किसानी को तबाह करने वाली : कैलाश

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान किसान सभा का जिला सम्मेलन रविवार को हंसेरा में झण्डारोहण के साथ सम्पन्न हुआ। झंडारोहण करते हुए वरिष्ठ साथी सूरजनाथ सिद्ध ने किसान आंदोलन के योगदान को रेखांकित किया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राजस्थान किसान सभा के प्रदेश महासचिव कैलाश गहलोत ने विस्तार से बताते हुए कहा कि किस प्रकार सरकार की नीतियां खेती और किसानी को तबाह करने वाली है। एक तरफ सरकार बड़े धन्ना सेठों का लाखों करोड़ों का कर्जा माफ कर रही है। वहीं छोटे किसानों के छोटे कर्ज के लिये इसके पास पैसा नहीं है। सरकार देशी विदेशी कार्पोरेट के कब्जे के लिये ऐसी नीतियां बना रही है जिससे कि किसानी तबाह हो जाये।

उन्होंने कहा कि लम्बे किसान आंदोलन और कुबार्नियों के बाद भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग अब तक नहीं मानी है। ऐसे में हमारा एकजुट संघर्ष ही एकमात्र रास्ता है। वरिष्ठ श्रमिक नेता रामेश्वर शर्मा ने कहा कि लूणकरनसर किसान आंदोलन का गवाह रहा है। महाजन डेरे के खिलाफ कामरेड हुकमाराम संघर्ष आज भी हमें जुल्म के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है। यहीं प्रेरणा हमारे संघर्ष की ताकत है। आज सरकार की नीतियां ना केवल किसान बल्कि आम जनता के हर तबके के खिलाफ है।

इसलिये संगठन को मजबूत करते हुए सामूहिक संघर्ष समय की मांग है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अविनाश व्यास ने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और खेती किसानी की बर्बादी के लिये सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार है। इन नीतियों को बदलने के लिये हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

एटक के महासचिव अब्दुल रहमान कोहरी ने चेताया कि सरकार हमारी एकजुटता को कमजोर करने के लिये जाति और धर्म के झूठे मुद्दों उठाकर विभाजन की साजिश रचती है। उसे हमें अपनी एकजुटता से परास्त करना है। श्रमिक नेता कॉ. जाहिद हुसैन ने कहा कि एकता हमारा धर्म है और संघर्ष हमारी तपस्या है। वरिष्ठ किसान नेता लक्ष्मीनारायण वर्मा, कॉ. हुकमाराम मेघवाल, सूरजनाथ के अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता में संचालित सम्मेलन का संचालन करते हुए महेश जोशी एडवोकेट ने कहा कि हंसेरा के साथियों के प्रयास से यह सम्मेलन उत्साह से शुरू हुआ। सरकार की नीतियां किसान को किसानी से बेदखल कर रही है। किसान के बेटे-बेटियों सम्मानजनक रोजगार नहीं कर सके इसके लिये सरकारी महकमों का निजीकरण कर सारी नौकरियां ठेके पर दे रही है। सेना तक में ठेके के सैनिक बनाये जा रहे हैं। हालत यह है कि देश के बेरोजगार दूसरे देश की सेना में भाड़े के सैनिक के रूप में अपनी जान गवां रहे हैं। इसलिये हमें कमाई. पढ़ाई और दवाई के लिये सांझा संघर्ष करना पडेगा।

**किसानों को मिलेगी छह घंटे बिजली :** बीकानेर जिले के किसानों को छह घंटे निरंतर बिजली व पूरा वॉल्टेज देने के लिए 33 केवी के छह नए जीएसएस तैयार हैं। इनमें नांदडा, लाडेरा, धीरदेसर चोटियान व बिगा से सप्लाई शुरू हो चुकी है। रोझा व पितरासर में ट्रांसफार्मर लगना बाकी है। शेष नौ जीएसएस का काम जुलाई 25 तक कंपलीट करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 752 फीडर के दो टुकड़े कर लोड डायवर्ट किया जायेगा।

लूणकरनसर के हंसेरा में किसान सम्मेलन को राजस्थान किसान सभा के प्रदेश महासचिव कैलाश गहलोत ने संबोधित किया।

■ एक तरफ सरकार बड़े धन्ना सेठों का लाखों करोड़ों का कर्जा माफ कर रही है, वहीं छोटे किसानों के छोटे कर्ज के लिये इसके पास पैसा नहीं है

एग्रीकल्चर व डोमेस्टिक कनेक्शन अलग-अलग होंगे। जिले के गांवों में तीन साल में दस हजार से अधिक एग्रीकल्चर कनेक्शन बढ़ने की वजह से बिजली आपूर्ति का सिस्टम लड़खड़ाया हुआ है। वोल्टेज व सप्लाई की मांग को लेकर किसान विद्युत निगम, कार्यालयों पर धरने-प्रदर्शन तक कर चुके हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जिले में 33 केवी के 15 नए जीएसएस का निर्माण होने से विद्युत व्यवस्था में सुधार आयेगा।

बिजली चोरी, छीजत व दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुनरोद्धार वितरण क्षेत्र योजना के तहत 342 करोड़ रुपए का यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसमें 60 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकार की है।

योजना के तहत जिले के सब डिवीजन में लोड कम करने के लिए नए फीडर बनाए जाने हैं। फीडरों से अलग लाइनें खींची जायेगी। ओवरलोड ट्रांसफार्मर है तो वहां नए ट्रांसफार्मर लगाए जायेंगे।

## नोखा में श्याम कीर्तन का आयोजन

**नोखा,** (कासं)। हनुमान व गणेश मंदिर के पास गणेश उत्सव सेवा समिति द्वारा श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर पुजारी पवन महाराज ने बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित की और दिल्ली से विशेष रूप से मंगवाये गए पुष्पों से बाबा श्याम के शीश का श्रृंगार किया। कार्यक्रम स्थल पर सुगंधित इत्र भी अर्पित किया गया। गणेश उत्सव सेवा समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के दिन से भगवान गजानन की प्रतिमा स्थापित कर 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरूआत की गई है।

इस दौरान शनिवार शाम को नोखा के स्थानीय कलाकार दिनेश हिन्दुस्तानी और उनकी टीम ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुतियां दी। श्याम कीर्तन में भजनों का आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें 'प्यारा सा मुखड़ा गूंघराले केश सजधज के बैठा मेरा खाटू नरेश..., हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा..., लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा.., और गणेश वंदना जैसे भजनों की प्रस्तुति शामिल थी। गणेश प्रतिमा स्थापना स्थल को विशेष रोशनी से सजाया गया था।

श्याम कीर्तन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, मातृशक्ति, युवा, बुजुर्ग, और बच्चे अंत तक उपस्थित थे। इस आयोजन की व्यवस्था में गणेश उत्सव समिति के प्रभुदयाल सोनी, नितिन मराठा, सीताराम, दीनदयाल, महेश, जेठाराम, पंकज, भंवर सोनी, विकास, मालचंद, संपत लाल, बाबूलाल, मघराज, गिरधर महाराज, और सुभाष भार्गव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार-समाचार

### मातृ शक्ति प्रशिक्षण शिविर

नोखा के ग्राम मोरखाना में क्षत्रिय संघ के तत्वावधान में मातृ शक्ति प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग के प्रांत नोखा के ग्राम मोरखाना में क्षत्रिय संघ के तत्वावधान में मातृ शक्ति प्रशिक्षण शिविर का ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। 13 से 16 सितम्बर तक आयोजित चार दिवसीय आवासीय शिविर आयोजित किया गया। मातृ शक्ति प्रशिक्षण शिविर संचालिका चेतना कंवर आलसर ने बालिकाओं के तिलक कर स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि संघ विगत 78 वर्षों से सामूहिक संस्कारमयी कर्म प्रणाली द्वारा क्षत्रिय बालिकाओं के संस्कार निर्माण में अनवरत लगा हुआ है। जिसकी स्थापना पूज्य तनसिंह ने 22 दिसम्बर 1946 को की थी। इसी कड़ी में आयोजित इस शिविर में सुबह 4 बजे जागरण से रात्रि 10 बजे तक जागरण, प्रार्थना, योगा, खेल, हवन, बौद्धिक प्रवचन विनोद सभा एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र पर पर आख्यान द्वारा क्षात्र शक्ति का संचार किया जाता है। शिविर में मोरखाना, कितासर, भादला, झंझेऊ लखासर, पूंदलसर, जाखासर, कानासर, हुंसगसर, नगासर बांगड़सर, नोखा, बीकानेर शहर से 160 बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। केन्द्रीय मातृ शक्ति प्रभारी जोरावर सिंह भादला, संभाग प्रमुख रेवन्त सिंह जाख़ासर, प्रांत प्रमुख करनी सिंह भेलू, भंवर सिंह मोरखाना, देवी सिंह मोरखाना व्यवस्था में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

### प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का स्वागत किया

बीकानेर के बिग्गा गांव में कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा का स्वागत किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर ने श्रीडूंगरगढ़ से पहले बिग्गा गांव में स्वागत अभिनंदन किया। बीकानेर शहर जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ, परदेश सचिव साजिद सुलेमानी, उपाध्यक्ष ललित तेजस्वी, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, महासचिव रवि पुरोहित, मनोज किराडू, रविकांत वाल्मीकि, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सुभाष स्वामी, अभिजीत पंवार, प्रवक्ता अनिल सारडा, विजेंद्र बिदावत, हंसराज विश्नोई सहित कांग्रेसजन शामिल थे।

### 250 मरीजों को निशुल्क परामर्श

**बीकानेर,** (कासं)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी उपलक्ष में आज खिदमतगार खादिम सोसायटी द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मदरसा सुलेमानिया मोहल्ला व्यापारियन में सम्पन्न हुआ। जिसका शुभारंभ डॉ. राजेश गुप्ता सीएमएचओ बीकानेर एवं हाजी मकसूद अहमद पूर्व महापौर बीकानेर द्वारा किया गया। शिविर में 250 मरीज को निशुल्क परामर्श और दवाईयां रोटरी क्लब और मरूधरा के सहयोग से की गई। शिविर में डॉक्टर निशांत वर्मा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डॉ नरेन गौड, डॉ. शरद रावत नाक कान गला विशेषज्ञ, डॉक्टर कुलसुम सिद्दीकी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. नईम अहमद दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर कविता पूनिया शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर इखियार काजी फिजियोथैरेपिस्ट ने अपनी सेवाएं दी। सोसायटी द्वारा सभी डॉक्टरों को सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत मोहल्ले के समाजसेवी मोहम्मद नसीम एवं मोहम्मद असगर गौरी, नूर मोहम्मद, हाजी शराफत द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ ने अपने संबोधन में कहा कि सोसायटी द्वारा यह कार्य सराहनीय है। हाजी मकसूद अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना पुण्य का कार्य है। हम सबको मिलजुल कर समाज की सेवाएं करते रहना चाहिए। रोटरी क्लब के सदस्य एडवोकेट नितीन हर्ष ने सोसायटी का और मोहल्लेवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रन्यास के सुरेश मित्तल अध्यक्ष बने

**बीकानेर,** (कासं)। जय नारायण व्यास नगर स्थित शिव मन्दिर प्रन्यास के सत्संग भवन में प्रन्यास की प्रबन्ध कारिणी के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए रविवार को प्रात: 11 बजे आम सभा की बैठक आहूत की गई। लेकिन कोरम के आभाव में बैठक स्थगित की गई। जिसे पुन: 11:30 आहूत की गई। जिसमें एडवोकेट मनमोहन चौधरी को चुनाव अधिकारी बनाया गया व चुनाव कराये गए। चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार मित्तल, उपाध्यक्ष पद पर हिमांशु शर्मा, सचिव पद पर नलिन कुमार सारवाल, उपसचिव पद पर दर्शन लाल भटेजा और कोषाध्यक्ष पद पर चोरूलाल मोदी निर्वाचित घोषित किए गए। सभी पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई।

# इंस्पेक्टर के घर लूट की कोशिश का नहीं लगा सुराग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के कालूवाला-रीको बाईपास पर पुलिस इंस्पेक्टर के फार्म हाउस स्थित घर पर लूट के प्रयास का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है।

पीड़ित पुलिस इंस्पेक्टर अभी जोधपुर में तैनात है। वह इससे पहले श्रीगंगानगर में हिन्दुमलकोट और श्रीकरणपुर थानों में एसएचओ रह चुके है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं। इस तरह की वारदातों में पूर्व में शामिल आरोपियों पर भी नजर रखी जा रही है।

पुलिस ने इस संबंध में अवैध रूप से घर में घुसने, आपराधिक मानसिकता के लोगों का सहयोग करने, आपराधिक समूह का हिस्सा बनने सहित कई धाराओं में मामला दर्ज करवाया है।

जोधपुर में पदस्थापित इंस्पेक्टर विजय कुमार मीणा ने बताया कि वे परिवार सहित कालूवाला-रीको बाइपास स्थित कैनाल फार्म हाउस कॉलोनी में कादंबरी गार्डन में रहते हैं। 11 सितम्बर को वे छुट्टी पर श्रीगंगानगर आये हुए थे।

■ सीसीटीवी में नजर आया नकाबपोश, दीवार फांदकर घुसे थे 5 बदमाश

रात को घर की चारदीवारी के अंदर कमरों के बाहर की तरफ आवाज सुनाई दी। इससे उनकी आंख खुल गई। उन्होंने गेट खोलकर बाहर निकलने की कोशिश की तो कमरों के आगे अलमारी, वाशिंग मशीन आदि लगाकर इसे रोका हुआ था। इंस्पेक्टर मीणा ने खिड़की से देखा तो बाहर करीब चार-पांच नकाबपोश नजर आए।

परिवार के अन्य लोगों के कमरों के गेट के आगे भी भारी सामान लगाकर इन्हें बंद किया हुआ था। इंस्पेक्टर मीणा ने किसी तरह गेट के आगे लगा भारी सामान हटाया और बाहर निकले, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपी अपने साथ लाये धारदार हथियार और लाठी भी मौके पर छोड़ गए। घटना की जानकारी मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची।

जांच अधिकारी रीको पुलिस चौकी इंचार्ज हेतराम छींपा ने बताया कि उन्होंने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। इनमें एक नकाबपोश नजर आ रहा है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ित इंस्पेक्टर विजय मीणा श्रीगंगानगर में श्रीकरणपुर और हिन्दुमलकोट थाना में एसएचओ रह चुके हैं।

## राहुल गांधी के बयान की निंदा

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बीकानेर शहर द्वारा लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए सिख समुदाय पर बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी ने राहुल गांधी के द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता की आड़ लेकर देश को विदेश में बदनाम की कोशिश बताते हुए उनके बयानों की कड़ी निंदा की।

गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा बताया गया कि पूरे सिख समुदाय में इस बयान का रोष है एवं राहुल गांधी सिख समुदाय से माफी मांगे। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रमोहन जोशी ने बताया कि राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। सिख समुदाय हमेशा से ही भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है। सिख समुदाय के कारण ही आज भारत सुरक्षित है। प्रदर्शन के दौरान गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के गुरूद्वारा ग्रंथी बाबा जोगेंद्र सिंह, करमजीत सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, विक्रमजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# दो गुट आपस में भिड़े, सात जने घायल

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के कोटगेट थाना इलाके में शनिवार देर रात को दो गुट आपस में भिड़ गए, जिसमें सात जने घायल हुए है।

जानकारी के अनुसार फड़बाजार के गैरसरियों के मोहल्ले में कांग्रेस के मनोनित पार्षद आज़म अली और शान मोहम्मद के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आपस में लाठियां लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। झगड़े में सात जने घायल होकर पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उनकी जांच कर एक्सरे कराने के लिए भेजा। एक्सरे रूम के आगे दोनों गुटों में फिर बोलचाल हो गई। जिस को देखते हुए पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को हटाया।

ट्रोमा सेंटर में सीओ सिटी श्रवण दास संत, कोटगेट थानाधिकारी मनोज शर्मा, सदर थानाधिकारी कुलदीप सिंह मौके पर मौजूद है। वहीं आरएससी की टीम भी मौजूद है। ट्रोमा सेंटर के डॉक्टर कपिल पूरी टीम के साथ घायलों का इलाज कर रहे है। वहीं पीबीएम के सुरक्षा गार्ड अधिकारी बाघसिंह भी मौजूद है। बताया जा रहा है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी इन दोनों गुटों में तनाव के हालात पैदा हो गये। ऐहतिहात के तौर पर पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी और यहां एकत्रित हुए लोगों को तीतर बितर करना पड़ा। तनाव न हो इसके लिये पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता भी बुलाया गया। इस झगड़े में मनोनीत पार्षद आजम के अलावा महबूब, शान मोहम्मद, सत्तू, अब्बास, शाहिद व सिकन्दर के चोट आई है।

■ अस्पताल पहुंचने के बाद भी दोनों गुटों में तनाव, पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी

# चार साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पल्लू थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में चार साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जिला स्तर पर टॉप 10 वांछित इनामी अपराधी है।

थाना प्रभारी एसआई सुशील कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर 2020 को थाना के तत्कालीन प्रभारी एसआई अमर सिंह ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए कार से 250 ग्राम अफीम और 9 लाख 47 हजार 800 रूपए बरामद किए थे। मौके से कार सवार धीरेन्द्र सिंह (27) पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी वार्ड तीन, मोती कॉलोनी छबड़ा जिला बारां और नरेन्द्र (37) पुत्र मोहन लाल तेली निवासी वार्ड एक, छबड़ा जिला बारां को गिरफ्तार कर जांच शुरू की। इस मामले में वांछित सप्लायर राजाराम पुत्र रामगोपाल फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश में फरार और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए वर्तमान में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना स्तर पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित राजाराम मीणा को दबोचा।

■ एनडीपीएस एक्ट के मामले में चार साल से फरार था

■ जिला स्तर पर टॉप -10 वांछित इनामी अपराधी था

## युवक फांसी के फंदे पर झूला

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में आत्महत्या करने के मामले थम नहीं रहे है। दिन प्रतिदिन इस प्रकार के मामलों में इजाफा हो रहा है। चिंता का विषय तो यह है कि आत्महत्या करने वाले हर उम्र के लोग शामिल है। शहर के नयाशहर थाना इलाके में एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी।

जानकारी मिली है कि लाली बाई बगेची के पीछे रहने वाले योगेश पुत्र श्याम सुंदर ने घर मे कमरे में छत पर लगे हुक से साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतक के मामा विनोद शर्मा ने मर्ग दर्ज करवायी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। आत्महत्या के बाद परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक ने इस प्रकार का खौफनाक कदम क्यों उठाया।

# हाथ रस्सी से बंधे नहर में मिला महिला और युवक का शव

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के संगरिया शहर के समीप से गुजर रही भाखड़ा सिंचाई प्रणाली की सार्दुल ब्रांच नहर में डूबने से एक महिला व युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

तलाश में जुटी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों के शव नहर से बरामद किए हैं। दोनों के हाथ रस्सी से बंधे हुए मिले हैं। प्रथमदृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा हैं। महिला और युवक शुक्रवार से घर से गायब थे। पुलिस ने शवों को संगरिया के गवर्नमेंट की मोर्चरी में रखवाया है। पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द करेगी।

मृतकों की पहचान वार्ड एक निवासी शरीफा (40) पत्नी रजाक और दौलतपुरा गांव निवासी विनोद कुमार (23) पुत्र कृष्ण कुमार नायक के रूप में हुई है। ये दोनों शुक्रवार से अपने घर से गायब थे। हैड कांस्टेबल सुखदेव सिंह ने बताया कि दोनों के गायब होने की रिपोर्ट परिजनों ने थाने में दी थी। रिपोर्ट मिलने पर पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।

इस बीच सूचना मिली कि सार्दुल ब्रांच के भगतपुरा पुल से थोड़ा आगे नहर किनारे कुछ सामान पड़ा है। पुलिस ने मौके पर जाकर पड़ताल की तो नहर किनारे चप्पल, चुन्नी, मोबाइल व डोलू पड़े मिले।

पुलिस ने गायब महिला के परिजनों को मौके पर बुलाकर सामान दिखाया तो चुन्नी महिला शरीफा की निकली। इस पर परिजनों ने गोताखोर व समाजसेवी संस्था के कार्यकर्ताओं के सहयोग से नहर में तलाश शुरू की। करीब दो घंटे की खोजबीन के बाद दोनों के शव घटना स्थल से थोड़ी ही दूरी पर मिल गए। दोनों शवों को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है।

■ एक दिन पहले घर से हुए थे गायब, मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है

# उदयरासर में जैन धर्म के दादा गुरूदेव का मेला 18 को, तैयारी जोरों पर

**बीकानेर,** (कासं)। शहर से 10 किमी दूर दक्षिण दिशा में स्थित उदयरामसर गांव में जैन धर्म के दादा गुरूदेव के 300 साल पुराने मंदिर में 18 सितम्बर को मेला भरेगा। इससे एक दिन पहले यहां भक्ति संगीत संध्या होगी। 18 सितम्बर को सुबह से दोपहर तक यहां दादा गुरूदेव की पूजा होगी। इसके बाद महाप्रसाद होगा।

मेला चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्त्वावधान में भरने वाले मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मेले में जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ के आचार्य पीयूष सागर सहित अन्य मुनि और साध्वियां शामिल होंगी। वे मेले में शामिल होने के लिए बीकानेर के ढड्ढ़ा चौक से सुबह उदयरामसर के लिए रवाना होगें। श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष निर्मल धारीवाल ने बताया कि मेले के श्रावक-श्राविकाएं ऊंटगाड़ों और विभिन्न वाहनों से 17 सितम्बर शाम और 18 सितम्बर की सुबह को पहुंचेंगे। मेले में बीकानेर के अलावा श्रीडूंगरगढ़, नोखा, पांचू, झझू, देशनोक सहित कई गांवों से लोग पहुंचेंगे। इनके लिए 18 सितम्बर को मंदिर में प्रसाद का आयोजन किया जायेगा। मंदिर में होने वाले महाप्रसाद में करीब 5 हजार लोग शामिल होने का दावा किया जा रहा है। वहीं 17 सितम्बर की शाम को भक्ति संगीत संध्या का आयोजन होगा। इसमें बीकानेर से लोगों को लाने-ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। मंदिर में 5 घंटों में होगी अष्टप्रकार की पूजा दादागुरू जिनदत्त सूरी महाराज की पूजा 18 सितम्बर को होगी। सुबह 10 बजे शुरू होने वाले पूजा दोपहर 3 बजे तक चलेगी। अष्टप्रकार की पूजा में दुग्ध-जल पूजा के अलावा चंदन, धूप, पुष्प, दीपक, अक्षत, नैवेद्य, फल, वस्त्र-ईत्र, ध्वजा और कलश पूजा की जायेगी। अंत में आरती और मंगल दीपक होगा। पूजा से पहले यहां महाप्रसाद शुरू हो जाएगा जिसमें बीकानेर सहित पांचू, नोखा, देशनोक, झझू और श्रीडूंगरगढ़ सहित आसपास के गांवों में लोग पहुंचेंगे। एक शाम दादा जिनदत्त सूरी गुरुदेव के नाम 17 को उदयरामसर ?में दादा गुरुदेव के मेले के पहले दिन 17 सितंबर को एक शाम दादा जिनदत्त सूरी गुरुदेव के नाम आयोजित की जाएगी शाम 7 बजे शुरू होने वाले यह भक्ति संगीत के कार्यक्रम उदयरामसर स्थित दादाबाड़ी में होगा। कार्यक्रम में मगन कोचर के अलावा महाराष्ट्र भिवड़ी के हर्षित शाह और मुंबई के जैनम वारिया भजनों की प्रस्तुति देंगे। जीतू कोचर कार्यक्रम में उदघोषक होंगे। उदयरामसर जाने के लिए जेल रोड स्थित आर्य समाज स्कूल के पास से और गंगाशहर में गोल मंदिर के पास से बसें रवाना होगी।

उदयरामसर गांव में जैन धर्म के दादा गुरूदेव का 300 साल पुराना मंदिर।

■ दादा गुरूदेव का मंदिर 300 साल पुराना है, 197 सालों से भर रहा है मेला

# बाइक सवार 4 दोस्तों को कार ने टक्कर मारी, दो की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन भी सड़क हादसा हुआ। कल नौरंगदेसर गांव के पास हादसे में तीन जनों ने जान गंवाई। वहीं आज रविवार सुबह सरदारशहर स्टेट हाईवे पर कार-बाइक के आमने सामने टक्कर में दो की मौत हो गई। ये दोनों युवक मित्र थे और मजदूरी के लिए श्रीडूंगरगढ़ की तरफ आ रहे थे।

थानाधिकारी इंद्रकुमार ने बताया कि सरदारशहर स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह एक बाइक पर सवार चार लोगों में से दो की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। यह सड़क हादसा सरदारशहर रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास हुआ है।

■ सड़क हादसा सरदारशहर रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास हुआ

हादसे में घायल दो युवकों को बीकानेर पीबीएम रेफर किया गया है। दुर्घटना में जैतासर निवासी खींयाराम मेघवाल के दो पुत्र सहीराम व रामप्रताप मेघवाल मोटरसाइकिल से श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे। दोनों युवक पेशे से ड्राइवर है।

जब ये लोग श्रीडूंगरगढ़ से थोड़ी दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से एक हरियाणा नंबर की कार आई। इस गाड़ी से आमने सामने हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल पर सवार सहीराम की मौत हो गई।

रामप्रताप को गंभीर घायलवस्था में बीकानेर रेफर कर दिया गया है। इस बाइक पर दो युवक सीताराम पुत्र जगदीश मेघवाल व गोमदराम पुत्र बुधाराम नायक भी सवार थे। दोनों मजदूर है और मजदूरी के लिए श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे। जिसमें से गोमदराम ने यहां उप जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

दूसरे मजदूर सीताराम को गंभीर अवस्था में बीकानेर रेफर किया गया है। जैतासर सरपंच प्रतिनिधि सहीराम ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे मुवक्किल विजयराज पुत्र स्व. पृथ्वीराज बरड़िया के मालिकाने की एक दूकान मैन बाजार (चौपड़ा) श्रीडूंगरगढ़ में स्थित है जिसका पट्टा हजारीमल बरड़िया के नाम से दिनांक 23.12.31 को राजश्री बीकानेर द्वारा जारी किया हुआ है। यह दुकान लक्ष्मीनारायण झालरिया को किराये पर दी हुई है, जिसको बेदखल करने के सम्बन्ध में मेरे मुवक्किल के पक्ष में न्यायालय का निर्णय हो चुका है। चैनरूप पुत्र स्व. मोतीलाल बरड़िया निवासी श्रीडूंगरगढ इस दुकान को गलतरूप से अपने -आप को मालिक बताकर विक्रय करने में सक्रिय हुआ है। न्यायालय में उक्त चैनरूप बरड़िया के विरूद्ध कार्यवाही भी विचाराधीन है। अतः सुचित किया जाता है कि उक्त चैनरूप बरड़िया से उक्त दुकान के सम्बंध में कोई व्यक्ति लेन-देन करेगा तो उसके लिये आप खुद जिम्मेदार होगें।

भवदीय
मोहनलाल सोनी(एडवोकेट)
श्रीडूंगरगढ